## कार्यालय परियोजना प्रबन्धन इकाई, स्वजल परियोजना,
## दि इन्स्टीट्यूशन ऑफ इन्जिनियर्स बिल्डिग, (Opposite ISBT) देहरादून।

### निविदा सूचना

परियोजना प्रबन्धन इकाई, स्वजल परियोजना देहरादून हेतु दिनांक 01.01.2015 से एक वर्ष के लिये निम्न विवरणानुसार पृथक–पृथक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं–

1. लेखन सामग्री की आपूर्ति,
2. किराये पर वाहन की आपूर्ति,

उक्त निविदाओं का प्रारूप स्वजल परियोजना की वेवसाईट– http://swajal.uk.gov.in से Download किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 15.12.2014 अपरान्ह 3:00 बजे है।

निदेशक

**निविदा प्रपत्र मूल्य ₹568.00 (वैट सहित)**

# अनुबन्ध आधार पर वाहन उपलब्ध कराये जाने के लिये निविदा प्रपत्र

## (क) निविदा का आमंत्रण (Invitation to Bid)

परियोजना प्रबन्धन इकाई, स्वजल परियोजना देहरादून हेतु वर्ष 2015 के लिये विभिन्न व्यावसायिक वाहनों यथा इंडिका (नॉन ए0सी0 व ए0सी0), इनोवा, स्कार्पियों, सूमो ग्रान्ड (नॉन ए0सी0 एवं ए0सी0) तथा टाटा सूमो/बोलेरो आदि की दर अनुबन्ध के आधार पर आवश्यकता है। इच्छुक वाहन स्वामी/फर्म, जिनका पंजीयन सर्विस टैक्स के अर्न्तगत हो, वे निविदा प्रपत्र स्वजल परियोजना की वेवसाईट– http://swajal.uk.gov.in से Download कर सकते हैं जिसके लिये निविदा प्रपत्र के साथ ₹568.00 (वैट सहित) का बैंक ड्राफ्ट (जो कि दिनांक 14 दिसम्बर 2014 अथवा इससे पूर्व का बना हो एवं निदेशक, पी0एम0यू0 स्वजल देहरादून के पक्ष में जारी हो) संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। उक्त निविदा, निविदा बाक्स के माध्यम से इस कार्यालय में दिनांक 15 दिसम्बर 2014 को अपरान्ह 3:00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा।

निदेशक,
परियोजना प्रबन्धन इकाई, स्वजल परियोजना,
उत्तराखण्ड ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता परियोजना,
(पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, उत्तराखण्ड)
दि इन्स्टीट्यूशन ऑफ इन्जीनियर्स (ई0) बिल्डिंग, प्रथम तल
दिल्ली (सहारनपुर) रोड, अपोजिट आई0एस0बी0टी0,
देहरादून

## (ख) निविदादाता को सामान्य निर्देश :–

| Sl.No. | Vehicle Type | Specifications* |
|---|---|---|
| 1 | Tata Sumo/BULERO (10 Seat Diesel) | Model 2013 |
| 2 | Indica (AC ) | Model 2013 |
| 3 | Indica (Non AC) | Model 2013 |
| 4 | Innova / Scorpio/ Sumo Grand (AC) | Model 2013 |
| 5 | Innova / Scorpio/ Sumo Grand (Non AC) | Model 2013 |

1. Government of India has received a credit from the International Development Association (IDA) in various currencies equivalent to US$ 120 million towards the cost of the Uttarakhand Rural Water Supply & Sanitation Project and intends to apply part of the proceeds of this credit to eligible payments under the contract for which this invitation for tenders is issued.

2. **Bid Price**

   a) Corrections, if any, shall be made by crossing out, initialing, dating and re writing.
   b) All duties, taxes and other levies payable on the service shall be included in the total price.
   c) Service Tax in connection with the above service shall be shown separately.
   d) The rates quoted by the bidder shall be fixed for the duration of the contract and shall not be subject to adjustment on any account.
   e) The Prices shall be quoted in Indian Rupees only.

3. Each bidder shall submit only one tender.

4. **Validity of Tender**

   Tender shall remain valid for a period not less than 30 days after the deadline date specified for submission.

5. **Evaluation of Tender**

   The Purchaser will evaluate and compare the tenders determined to be substantially responsive i.e. which

   (a) are properly signed;
   (b) conform to the terms and conditions, and specifications.
   (c) Accompany by EMD and cost of tender (if downloaded from website)

   The Tenders would be evaluated for separately for each model as mentioned on para-1.

   1. For Indica (AC) & Innova/ Scorpio/ Sumo Grand (AC) only daily rates including fuel need to be quoted.
   2. If monthly rates of above vehicles are lower for different firms, the lowest monthly rates for Indica (Non AC) would be given preference. Such identify firm would be negotiated to lower its rate for other category of vehicles. If he is not agreed then only separately contract would be sign for individual lower firms.

   Service Tax in connection with services shall not be taken into account in evaluation.

6. **Award of contract**

   The Purchaser will award the contract to the bidder whose tender has been determined to be substantially responsive and who has offered the lowest evaluated tender price.

6.1 Notwithstanding the above, the client reserves the right to accept or reject any tenders and to cancel the bidding process and reject all tenders at any time prior to the award of contract.

6.2 The bidder whose bid is accepted will be notified of the award of contract by the Purchaser prior to expiration of the tender validity period. The terms of the accepted offer shall be incorporated in the contract order.

6.3 The successful bidder has to sign a contract on Rs.100.00 stamp paper together with performance security of Rs. 40,000.00. The EMD can be adjusted on above performance security.

7. Payment shall be made on monthly basis.

8. Other conditions of contract is enclosed as **Annexure- I**

9. You are requested to provide your offer latest by 15.00 hrs. on 15th December, 2014.

10. We look forward to receiving your tenders and thank you for your interest in this project.

**S.D.** (P.C. Khare)
Finance Controller

## (ग) निविदा की शर्तें :–

1. निर्धारित मासिक किराये की दरो के अतिरिक्त पेट्रोल/डीजल की कीमत का भुगतान प्रति कि0मी0 की दरों पर पैरा–11 एवं 12 के अनुसार देय होगा। रात्रि विश्राम चार्ज (रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 5:00 बजे तक) ₹150.00 प्रति रात्रि पृथक से देय होगा जो पी0एम0यू0 स्वजल परियोजना द्वारा वहन किया जायेगा।
2. आमंत्रित निविदा के क्रमांक 01 से क्रमांक 05 पर अंकित वाहनों का पंजीकरण माह जनवरी, 2013 से पूर्व का होने पर उनको अनुबन्धित किये जाने पर विचार नही किया जायेगा।
3. ईजन ऑयल का भुगतान एक लीटर प्रति 1000 कि0मी0 पर परियोजना प्रबन्धन इकाई, द्वारा अलग से देय होगा।
4. यदि फर्म का कार्य संन्तोषजनक पाया जाता है तो अनुबन्ध की समय सीमा पूर्व अनुबन्धित दरों पर बढ़ायें जाने के लिये विचार किया जा सकता है।
5. निविदा के साथ ₹20,000/–(₹ बीस हजार मात्र) की धरोहर धनराशि जमा की जानी अनिवार्य है, जो कि निदेशक, परियोजना प्रबन्धन इकाई, के पक्ष में एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 के रूप में देय होगी।
6. अनुबन्ध अवधि में चालक/वाहन उपलब्ध न होने की दशा में फर्म के बिल से ₹1,000.00 प्रति दिन की दर से कटौती की जायेगी तथा आनुपातिक आधार पर ईधन की धनराशि भी काटी जायेगी।
7. वाहन की मरम्मत/सर्विसिंग आदि के लिये माह में एक दिवस (रविवार अथवा कार्यालय अवकाश) का अवकाश अनुमन्य होगा किन्तु विभागीय कार्यों के सम्पादन हेतु अवकाश के दिनों में भी मासिक आधार पर लिये गये वाहनों को बुलाया जा सकता है, जिसके लिये निर्धारित समय पर वाहन उपलब्ध कराना आवश्यक होगा।
8. वाहन की उत्तराखण्ड से बाहर भी आवश्यकता होगी जिसके लिये फर्म को लिखित सहमति देनी होगी। प्रदेश से बाहर की यात्राओं के लिये परमिट एवं रोड टैक्स का भुगतान अलग से मूल रसीद उपलब्ध कराये जाने पर दिया जायेगा।
9. वाहन की मरम्मत, बीमा तथा चालक का वेतन आदि के भुगतान की सम्पूर्ण जिम्मेदारी फर्म/ कम्पनी स्वामी की होगी तथा वाहन अन्दर एवं बाहर से पूर्ण स्वच्छ रखना होगा। वाहन में सीट कवर, तौलिया आदि रखना अनिवार्य होगा।
10. अधिकारी के कार्यालय से बाहर यात्रा पर रहने अथवा अवकाश पर रहने की दशा में वाहन चालक परियोजना प्रबन्धन इकाई, स्वजल परियोजना के लेखा अनुभाग में वाहन सहित अपनी उपस्थिति देगा।
11. वाहन को मासिक रूप से योजित किये जाने पर अनुबन्धित दर का मासिक किराया एवं निम्न विवरण के अनुरूप प्रयुक्त ईंधन की प्रतिपूर्ति की जायेगी।

(a) पर्वतीय क्षेत्र में नॉन ए0सी0 वाहन चलने पर सूमो या समतुल्य वाहन हेतु ईधन का प्रति एक लीटर औसत 10 किमी0 तथा मैदानी क्षेत्र 12 किमी0 न्यूनतम माना जायेगा।

(b) नॉन ए0सी0 इन्डिका के लिये मैदानी क्षेत्र में ईधन का प्रति एक लीटर औसत 14 किमी0 तथा पर्वतीय क्षेत्र में 12 किमी0 न्यूनतम माना जायेगा।

12. फर्म का PAN संख्या एवं सर्विस टैक्स रजिस्ट्रेशन संख्या होना आवश्यक है, इसके प्रमाण के रूप में स्व प्रमाणित फोटो कॉपी की प्रति उपलब्ध करायें।

13. फर्म के द्वारा केन्द्रीय उत्पाद शुल्क का सर्विस टैक्स का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। यदि फर्म सर्विस टैक्स के दायरे में आती है तो सर्विस टैक्स की कटौती वाहन किराये के बिलों से परियोजना द्वारा की जायेगी।
14. फर्म/निविदादाता द्वारा विगत तीन वर्षों में वाहन उपलब्ध कराने सम्बन्धी अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
15. फर्म के द्वारा विगत 03 वर्षों का प्रत्येक वर्ष में कुल ₹03.00 लाख (₹ तीन लाख) से अधिक प्रति वर्ष का Travel से सम्बन्धित कार्य किया गया हो। प्रमाण के रूप में वित्तीय वर्ष 2011–12, 2012–13 एवं 2013–14 की आयकर रिटर्न की छायाप्रति लगायें, जिसकी विभाग द्वारा जॉच करायी जायेगी।
16. अनुबन्धित वाहन से दिन व रात्रि में कार्य लिया जा सकता है। अतिरिक्त चालक की आवश्यकता होने पर चालक उपलब्ध कराने का दायित्व फर्म/सेवादाता का होगा।
17. वाहन चालक के पास मोबाईल सुविधा होना अनिवार्य है जो 24 घण्टा चालू हालत में रहेगा, जिससे वाहन चालक से सम्पर्क किया जा सके।
18. अनुबन्धित फर्म उपरोक्त शर्तों के साथ–साथ उन्ही वाहनों को परियोजना को उपलब्ध करायेगा, जिनका रजिस्ट्रेशन टैक्सी कोटे में होगा तथा जिनका रोड टैक्स, फिटनैस एवं बीमा आदि का भुगतान किया गया हो। यदि इनके अभाव में R.T.O. द्वारा वाहन का चालान किया जाता है तो उसका उत्तरदायित्व ट्रैवल एजेन्सी/संचालक/फर्म का होगा।
19. फर्म के नाम अथवा फर्म के स्वामी के नाम कम से कम 03 वाहन पंजीकृत/अधिकृत पत्र होना अनिवार्य हैं जो वर्ष 2013 मॉडल से पुराने न हों। अनुबन्ध/पावर ऑफ एटर्नी द्वारा प्राप्त वाहनों से सम्बन्धित प्रपत्रों की छायाप्रति संलग्न करें।
20. यात्रा के मध्य वाहन के परिचालन में किसी भी प्रकार का व्यवधान होने पर चयनित व्यक्ति/संस्था/फर्म को 01 घण्टे के अन्दर वैकल्पिक व्यवस्था करनी होगी। ऐसा न करने की स्थिति में उस यात्रा का कोई भुगतान नहीं किया जायेगा तथा फर्म/सेवादाता के विल से उतनी धनराशि की कटौती कर ली जायेगी जितनी राशि का भुगतान सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को यात्रा पूरी करने हेतु करना पड़ा हो।
21. न्यूनतम दरों पर चयनित फर्म यदि एक सप्ताह के अन्तर्गत वाहन उपलब्ध कराने में असमर्थ रहेगी तो निविदा हेतु दी गयी जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
22. वाहन चालक को सेवायें प्रदान करते समय परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित स्वच्छ पोशाक में सेवायें देनी होंगी। सेवा उपलब्ध कराते समय वाहन चालक किसी भी प्रकार के मादक द्रब्यों का उपभोग नहीं करेगा तथा अधिकारी को नियत समय पर वाहन सहित उपस्थिति देगा।
23. यदि वाहन चालक द्वारा मादक द्रव्यों का सेवन किया जाता है ओर इससे सम्बन्धी शिकायत कार्यालय को दी जाती है तो उक्त वाहन की सेवायें तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जायेंगी।
24. वाहन चालक के पास वाहन से सम्बन्धित आवश्यक मूल दस्तावेज 24 घण्टे उपलब्ध रहेंगे।
25. निविदादाता को चयनित होने पर अनुबन्ध किये जाने हेतु धनराशि ₹100.00 का स्टाम्प पेपर अनुबन्ध हेतु उपलब्ध कराना होगा तथा ₹40,000.00 की जमानत राशि जमा करनी होगी। EMD को इसमें समायोजित कराया जा सकता है।
26. जिस निविदादाता फर्म द्वारा इण्डिका कार हेतु न्यूनतम दर पर वाहन उपलब्ध कराये जाने हेतु निविदा डाली जायेगी उसी फर्म को वरीयता देते हुये अन्य वाहनों हेतु अन्य फर्मों द्वारा प्रस्तुत न्यूनतम दर पर नेगोशियेशन किया जायेगा। यदि इण्डिका के न्यूनतम दर वाली फर्म द्वारा अन्य फर्मों से अन्य वाहनों हेतु देय न्यूनतम दर के अनुसार वाहन उपलब्ध कराये जाने पर सहमति दी जाती है तो सभी वाहन न्यूनतम दर पर उसी फर्म से हायर किये जायेंगे। यदि सम्बन्धित फर्म इस शर्त पर अपनी सहमति नहीं देती है तो वाहन अलग–अलग फर्म

से न्यूनतम दर के आधार पर ही हायर किये जायेंगे। उक्त शर्त मासिक तथा दैनिक आधार पर लिये जाने वाले वाहनों की दरों हेतु लागू होगी।

27. समस्त वाहन घण्टाघर से 05 कि0मी0 परिधि के अन्तर्गत ही गैराज में खड़ी करने हेतु दूरी अनुमन्य हो सकेंगी। चालक द्वारा निर्धारित कि0मी0 के अतिरिक्त वाहन उपयोग करने पर अतिरिक्त कि0मी0 का भुगतान नहीं होगा।
28. फर्म को Financial Bid तथा Technical Bid अलग–अलग लिफाफों में देनी होगी।
29. आपूर्तिकर्ता फर्म/संचालक द्वारा वाहन की लॉगबुक में प्रत्येक माह वास्तविक कि0मी0 के आधार पर विल तैयार किया जायेगा तथा प्रत्येक दिवस में वास्तविक तय की गई दूरी एवं स्थान को चालक द्वारा वाहन में उपलब्ध लॉग बुक में अंकित किया जायेगा तथा इसका सत्यापन सम्बन्धित अधिकारी द्वारा प्रतिदिन किया जायेगा।
30. सशर्त निविदायें मान्य नहीं होंगी।
31. उपरोक्त में से यदि कोई शर्त पूर्ण नहीं होती है तो निविदादाता की वित्तीय दरों सम्बन्धी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
32. निविदा को निरस्त करने का अधिकार निदेशक, परियोजना प्रबन्धन इकाई स्वजल परियोजना को होगा।
33. किसी विवाद के स्थिति में न्यायालय देहरादून मान्य होगा।
34. परियोजना में मासिक आधार पर केवल उन्ही वाहनों का चयन किया जायेगा जिनके रजिस्ट्रेशन आदि के प्रपत्रों की छायाप्रतियॉ टेन्डर के साथ प्रस्तुत की जायेंगी।
35. वाहन किराये के विलों पर आयकर के नियमों के अनुसार आयकर कटौती की जायेगी।
36. वाहन को किराये पर लिये जाने के उपरान्त किसी भी दशा में वाहन को बदला नहीं जायेगा।
37. निविदा प्रक्रिया में चयनित वाहन स्वामी/फर्म द्वारा अनुबन्ध की अवधि में उपरोक्त शर्तों एवं नियमों के विरूद्ध की गयी कार्यवाही, जिससे परियोजना कार्य की प्रगति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े, की दशा में अनुबन्ध समाप्त करने का अधिकार निदेशक, परियोजना प्रबन्धन इकाई, स्वजल परियोजनाा को होगा।

**Sign of Bidder**

# परियोजना प्रबन्धन इकाई, स्वजल परियोजना, देहरादून, उत्तराखण्ड

## (वर्ष 2015 के लिये वाहन उपलब्ध कराने हेतु निविदा फार्म प्रपत्र)

**निविदा फार्म मूल्य**
₹500+13.5% वैट = ₹568.00

## (Technical Bid)

1. फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि : 15 दिसम्बर 2014 सायं 3:00 बजे तक
2. निविदा खोलने की तिथि : 15 दिसम्बर 2014 सायं 3:30 बजे
3. निविदा जमा करने एवं खोलने का स्थान : पी0एम0यू0 स्वजल परियोजना, देहरादून।
4. निविदा दाता/फर्म का नाम :..........................................................................................
5. पिता का नाम :..........................................................................................
6. स्थायी निवास तथा पता :..........................................................................................
7. राज्य वाणिज्यकर पंजीयन संख्या :...........................................TIN No :......................................................
8. वाहनों की संख्या व उनके रजिस्ट्रेशन न0 (जिनका स्वामित्व निविदादाता/फर्म का हो) के पंजीयन प्रमाण पत्र, बीमा, फिटनेस की फोटो प्रतियॉ संलग्न की जानी अनिवार्य है।

   1.—...........................................................................................................
   2.—...........................................................................................................
   3.—...........................................................................................................
   4.—...........................................................................................................
   5.—...........................................................................................................
   6.—...........................................................................................................
9. निविदा फार्म के साथ संलग्न की गयी धरोहर धनराशि का विवरण :

   डी0डी0/एफ0डी0आर0 संख्या......................दिनांक....................बैंक का नाम....................धनराशि.......
10. PAN. No. ............................................................(स्वयं प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जानी आवश्यक है)
11. Central Excise service Tax Registration No- ......................................................................(तदैव)
12. वित्तीय वर्ष 2011—12, 2012—13 एवं 2013—14 की आयकर रिटर्न की छायाप्रतियॉ।

निविदा दाता के हस्ताक्षर : .........................................................................

प्रतिनिधि का नाम : .........................................................................

दूरभाष संख्या : .........................................................................

मोबाइल नम्बर : .........................................................................

## FORMAT OF TENDER

## (Financial Bid)

| Sl. No. | Vehicle Type | Specifications* | With out Fuel | With Fuel Rs. | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | Monthly Rate | Daily Rate (upto 200 km.) | Daily Rate per K.M. (above 200 km) |
| 1 | Tata Sumo/Bolero (10 Seater Diesel) (Non AC) | Model 2013 | | | |
| 2 | Indica (AC ) | Model 2013 | N.A. | | |
| 3 | Indica (Non AC) | Model 2013 | | | |
| 4 | Innova / Scorpio/ Sumo Grand (AC) | Model 2013 | N.A. | | |
| 5 | Innova / Scorpio/ Sumo Grand (Non AC) | Model 2013 | | | |

We agree to provide the services of vehicle on hire basis in accordance with the conditions mentioned on Annexure-1, of bid documents as per monthly and daily rate mentioned above.

We hereby certify that we have taken steps to ensure that no person acting for us or on our behalf will engage in bribery.

***नोटः–*** जिस निविदादाता फर्म द्वारा इण्डिका कार हेतु न्यूनतम दर पर वाहन उपलब्ध कराये जाने हेतु निविदा डाली जायेगी उसी फर्म को वरीयता देते हुये अन्य वाहनों हेतु अन्य फर्मों द्वारा प्रस्तुत न्यूनतम दर पर नेगोशियेशन किया जायेगा। यदि इण्डिका के न्यूनतम दर वाली फर्म द्वारा अन्य फर्मों से अन्य वाहनों हेतु देय न्यूनतम दर के अनुसार वाहन उपलब्ध कराये जाने पर सहमति दी जाती है तो सभी वाहन न्यूनतम दर पर उसी फर्म से हायर किये जायेंगे। यदि सम्बन्धित फर्म इस शर्त पर अपनी सहमति नहीं देती है तो वाहन अलग–अलग फर्म से न्यूनतम दर के आधार पर ही हायर किये जायेंगे। उक्त शर्त मासिक तथा दैनिक आधार पर लिये जाने वाले वाहनों की दरों हेतु लागू होगी।

**Signature and Seal of Supplier**